# दैनिक जागरण

बरेली, शनिवार
5 जुलाई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24


**PAGE NO IV : MIDDLE**

# आइसीयू में 21 दिन से अधिक भर्ती मरीजों को नहीं देना होगा बेड व नर्सिंग चार्ज

जासं, बरेली : एसआरएमएस मेडिकल कालेज में आइसीयू में 21 से ज्यादा दिन भर्ती रहने वाले मरीजों से आइसीयू और नर्सिंग चार्ज नहीं लिया जाएगा। तीमारदारों को मात्र 12 रुपये में भोजन उपलब्ध होगा। 250 बेड के आइसीयू के साथ ट्रामा यूनिट बनाई जाएगी।

एसआरएमएस मेडिकल कालेज के 24वें स्थापना दिवस समारोह में यह घोषणा एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने की। उन्होंने पिछले एक वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों, उपलब्धियां हासिल करने वाले चिकित्सकों, विद्यार्थियों और स्टाफ को प्रशंसा पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। संस्थान से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को भी गिफ्ट देकर विदाई दी। कार्यक्रम में



एसआरएमएस के स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देते अध्यक्ष देव मूर्ति साथ में ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति • सौजन्य ट्रस्ट

सर्वप्रथम ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने अपने पिता और संस्थान के प्रेरणास्रोत स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद स्वर्गीय श्रीराम मूर्ति के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कनेक्सस क्लब के विद्यार्थियों ने केक काटकर चेयरमैन देव मूर्ति को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगा, जिसमें गुड लाइफ हास्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति समेत 40 लोगों ने रक्तदान किया। चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि 11 बेड से आरंभ हुआ यहां का आइसीयू 80 बेड का हो चुका है। बोले, यह सभी के सहयोग से हुआ है। कार्यक्रम में मेडिकल साइंसेज सप्लीमेंट वन नाम से एसआरएमएस मेडिकल जर्नल और मेडिकल एजुकेशन यूनिट की मैगजीन कनेक्ट 2025 का विमोचन किया गया। मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने सभी को 24वें स्थापना दिवस पर बधाई दी। इससे पूर्व मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने 23 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। संचालन डा. ईरा भारद्वाज और डीन यूजी डा. बिंदु गर्ग ने किया। इस मौके पर ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डा. श्यामल गुप्ता, सुभाष मेहरा, डा. निर्मल यादव, सुरेश सुंदरानी, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. शैलेश सक्सेना, डा. जसप्रीत कौर, डा. मधु माहेश्वरी, डा. रोहित शर्मा, डीएसडब्ल्यू डा. क्रांति कुमार, सभी विभागाध्यक्ष, मैट्रन जायस विल्सन और स्टाफ मौजूद रहा।

- एसआरएमएस मेडिकल कालेज के 24वें स्थापना दिवस पर चेयरमैन देव मूर्ति ने की घोषणा
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग, चिकित्सक, विद्यार्थी और स्टाफ को किया गया सम्मानित

**250** बेड के आइसीयू संग बनेगी ट्रामा यूनिट, तीमारदारों को 12 रुपये में मिलेगा भोजन